तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024



11 साहू समाज भीड़ तंत्र बनकर न रहे : महेन्द्र



10 घर की छत पर बिजली उत्पादन करने प्रदेश के ...






## खबर संक्षेप

### रामबालक दास का संबोधन आज

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय श्री जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास आज 20 अप्रैल को नेपाल देश के विराटनगर में आयोजित श्री हनुमंत कथा को श्री बागेश्वर धाम के संतश्री धीरेन्द्र शास्त्री की उपस्थिति में संबोधित करेंगे । श्री पाटेश्वरधाम के मीडिया प्रभारी जयेश ठाकुर से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री बागेश्वर धाम के संतश्री धीरेंद्र शास्त्री द्वारा नेपाल देश के विराटनगर में आयोजित श्री हनुमंत कथा में आज 20 अप्रैल को स्थानीय श्री जामडी पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास महात्यागी का दोपहर 3 बजे उद्बोधन होगा। जिसका सीधा प्रसारण किया जा रहा है। क्षेत्र के भक्तगण दिव्य उद्बोधन के सीधा प्रसारण की टीवी के माध्यम से इसका लाभ ले सकते है।



### 23 को कमरौद में रामायण पाठ

**लाटाबोड़।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की असीम कृपा से भुईफोड़ हनुमान जी पावन धरा ग्राम-कमरौद में चैत्र नवरात्रि महोत्सव एवं श्री हनुमान जयंती क़े अवसर पर जय बजरंगबली मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी कमरौद क़े तत्वाधान में 23 अप्रैल मंगलवार को रामायण पाठ का आयोजन सुबह 11 बजे से जय बजरंग मानस परिवार कमरौद दोपहर 2 बजे से जय मां सरस्वती पंडवानी पार्टी, कोकड़ी (टेमिनबाई) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष पुनीतराम देशमुख ने दी।

### नक्सल आपरेशन में दुर्ग के जांबाज रामेश्वर की भी अहम भूमिका

**दुर्ग।** कांकेर के कलपर के जंगल में डीआरजी व बस्तर फाईटर्स टीम का नेतृत्व करने वाले दुर्ग के ग्राम तिरगा निवासी रामेश्वर देशमुख की अहम भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में करीब 29 नक्सलियों को ढेर किए जाने में बडी सफलता मिली है। उनकी वीरता की गाथा सुन गांव में ग्रामीण जहां खुशी से फूले नही समा रहे है, वही उनका सीना गर्व से चौडा हो गया है। एक ही झटके में कांकेर के कलपर के जंगल में नक्सलियों के एक बड़े कैडर का सफाया करने वाले आपरेशन में दुर्ग जिले के तिरगा के रहने वाले पुलिस निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के साहस को लोग सलाम कर रहे हैं। वन टाईम प्रमोशन से निरीक्षक बने रामेश्वर ने दूसरे छोर से सुरक्षा बलों के साथ कलपर के जंगल में स्थित तीन पहाड़ों को लांघकर नक्सलियों को घेरा। दो छोर से पुलिस की ओर से हुए गोलीबारी में 29 नक्सली मारे गए। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह सफलता इतिहास बनाने वाली रही। रामेश्वर देशमुख के गांव में भी नक्सली सफलता से खुशी का माहौल है।

# कलेक्टर ने चुनाव के लिए गठित सेलों का लिया जायजा, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टोरेट के अलग–अलग कक्षों के विभिन्न सेलों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चन्द्रवाल ने जनसंपर्क कार्यालय में बनाए गए मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कक्ष में पहुंचकर व्यवस्था देखी। चन्द्रवाल ने जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर से मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री ठाकुर ने कलेक्टर को विभिन्न सेलों के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल, सोशल मीडिया सेल, मीडिया अनुवीक्षण एवं एमसीएमसी के प्रभारियों से उनके द्वारा रोज किए जा रहे कार्यों के बारे में पूछा। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु बनाए गए सुविधा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। श्री चंद्रवाल ने कक्ष क्रमांक 31 में पुलिसकर्मी, होम गार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मियों के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने कक्ष क्रमांक 33 में अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्र का निरीक्षण कर अनिवार्य सेवा के अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु आवेदन करने वाले कुल मतदाताओं की संख्या, अब तक के कुल मतदान प्रतिशत के संबंध में जानकारी ली।

### डाकमत पत्र के लिए बने सुविधा केन्द्र को भी जांचा



#### दिव्यांग रथ से वृद्ध और दिव्यांग मतदाता पहुंचेंगे मतदान केन्द्र



भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की गई नई व्यवस्था के फलस्वरूप चलने–फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को अब अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु मतदान केन्द्र तक आने–जाने में किसी प्रकार की भी परेशानी नही होगी। नई व्यवस्था के तहत इन मतदाताओं को अब 1950 नंबर डायल कर अपने नाम का पंजीयन कराने के पश्चात मतदान तिथि को उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान केन्द्र तक आने–जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में इस दिव्यांग रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## घटना : बाइक सवार दो अन्य घायल, घटना स्थल से कार की नंबर प्लेट बरामद

# कार ने बाइक सवार को रौंदा शादी की खुशी मातम में बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में दर्दनाक सड़क हादसे से फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक अपने परिवारिक रिश्तेदार के घर शादी के लिए सामान खरीदी कर बालोद से वापस घर भेड़िया नवागांव जा रहे थे, तभी अनियंत्रित चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मौके पर एक व्यक्ति की मौत हो गईं और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



### खुशी की जगह घर में मातम

मृतक दुगेश्वर भंडारी के परिवारिक रिश्तेदार में उनके बड़े भईया रमहन भंडारी के घर दो जोड़ों की शादी थी और घटना के दिन ही बारात और चौथीया का आगमन था। इस दरमियान परिवारिक रिश्तेदार की दर्दनाक सड़क हादसे की खबर ने शादी की खुशी को मातम में बदल कर रख दिया।

### मासूम बच्चों के सिर से उठा बाप का साया



बताया जा रहा है की मृतक दुगेश्वर भंडारी बहुत ही गरीब परिवार से था, जिसके ऊपर बूढ़े मां बाप, पत्नी और दो मासूम बच्चों की जिम्मेदारी थी। रोजी मजदूरी कर परिवार को संभाल रहा था, लेकिन अब दुगेश्वर भंडारी के दुनिया छोड़कर चले जाने से परिवार के ऊपर बड़ी विपत्ति जीवनयापन को लेकर आयी है। थाना प्रभारी रवि शंकर पाण्डेय ने बताया की बोड़की रोड में कार और मोटर सायकल के बीच जोरदार टक्कर होने से घटना स्थल पर एक व्यक्ति दुगेश्वर भंडारी की मौके पर मौत हुई है और दो अन्य लोग घायल है, वहीं दुर्घटना स्थल से फरार कार का नंबर प्लेट बरामद कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### नवगांव-बोड़की के मध्य हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो सीजी 07 बी जेड 8337 बोड़की से बालोद की ओर तेज रफ्तार से आ रही थी और मोटर सायकल क्रमांक 24 आर 5963 में सवार होकर तीन लोग मृतक दुगेश्वर भंडारी 36 वर्ष, डाकेन्द्र भंडारी दोनों ग्राम भेड़िया नवागांव निवासी और डामन मंडावी ग्राम पीपरछेड़ी निवासी बालोद से अदरक की खरीदी कर वापस अपने घर भेड़िया नवागांव जा रहे थे तभी भेड़िया नवगांव और बोड़की के मध्य कार और मोटर सायकल की जोरदार टक्कर हो गईं।

### बाइक चालक की मौत

हादसे में दुगेश्वर भंडारी की मौके पर मौत हो गईं, वहीं दो अन्य लोगों को गंभीर हालात में तत्काल 108 वाहन के माध्यम से इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल लाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद एक व्यक्ति को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है तथा व्यक्ति का इलाज जिला हॉस्पिटल में जारी है। वहीं घटना के बाद से कार चालक भाग निकला। हालांकि घटना स्थल से कार का नंबर प्लेट बरामद कर लिया गया है।

# 6 टुकड़ों में कटी मिली लाश अब तक नहीं हो सकी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते शनिवार-रविववार को ग्राम अमलीडीह व दैहान गांव के पास जंगल में बोरी में बंद अज्ञात महिला की टुकड़ों में मिली लाश की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस विभाग ने अब मृतका के शरीर मे मिली सामग्रियों को सार्वजनिक किया है, जिससे उसकी पहचान हो सके। वहीं पुलिस सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही है, ताकि मृतका के संबंध में कुछ इनपुट मिल सके।

ज्ञात हो कि अज्ञात आरोपी ने हत्या के बाद मृतका का शरीर टुकड़ों में काटकर तथा बोरी में बंद कर फेंक दिया था। यही नहीं आरोपी ने शव को जलाने का भी असफल प्रयास किया था। शव सड़ चुका था, लेकिन इसके पहले पुलिस को इसकी खबर लग गई थी। पुलिस ने घटना स्थल से कुछ वस्तुएं बरामद की है, जो कि मृतका की हो सकती हैं। इसमें पायल, सुनहरे रंग की टाप्स और एक अंगूठी और चूड़ी के टुकड़े शामिल हैं।

इस हत्याकांड को सुलझाने व आरोपी तक पहुंचने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास करते हुए सोशल मीडिया का भी सहारा लेकर सभी जानकारी साझा कर रही है, ताकि जल्द से जल्द मृतका की पहचान हो सके। पुलिस की माने तो मृतका की पहचान होने से आरोपी तक पहुंचने में आसानी हो जाएगी।



- पुलिस ने मृतका के जेवर किए सार्वजनिक ताकि हो सके पहचान
- पुलिस का दावा, पहचान होते ही आरोपी तक पहुंचने में मिलेगी मदद

### सूचना देने वाले की पहचान रखा जाएगा गुप्त : जोशी

अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी ने बताया की 13 अप्रैल को अज्ञात महिला की लाश मिली है, महिला की शिनाख्त अब तक नहीं हो पायी है, मृत महिला के पैरों में पायल के साथ ही ऊंगली में एक चौड़ी अंगूठी और कान में एक सुनहरे रंग की टापस मिली है। यदि किसी चितपरिचित में कोई व्यक्ति लापता है और उसके आभूषण मृतिक के आभूषण से मिलते है तो नजदीकी पुलिस थाना से संपर्क कर पूरी जानकारी दे सकते है, वहीं उन्हें उचित इनाम के साथ ही उनका पहचान गुप्त रखी जाएगी, जिसके लिए सोशियल मिडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

### पीड़िता ने शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना के साथ दहेज का लगाया था आरोप

# पति पर प्रताड़ना का आरोप कोर्ट ने खारिज की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

पति पर प्रताड़ना व दहेज के रुप में 3 लाख मांगने के आरोप पर न्यायालय पहुंचे मामले में कोर्ट ने सुनवाई पश्चात प्रार्थीया की अपील खारिज कर दी है।



प्रार्थीया ने 22 मई 2023 को लोहरा थाना पहुंचकर अपने पति व ससुराल क्ष पर दहेज के रुप में 3 लाख रुपए लाने, पति द्वारा चरित्र संदेह कर मानसिक-शारीरिक रुप से प्रताड़ित करने जैसी कई गंभीर शिकायतें दर्ज कराई थी। प्रार्थीया के अनुसार उसे 22 मई को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। इसके बाद से वह अपने मायके में रहते हुए पति व ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज कराई थी। न्यायालय में इस मामले में पति व ससुराल पक्ष की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कोर्ट को बताया कि प्रार्थीया चूंकि काफी पढ़ी-लिखी हैं तथा शहर में रह चुकी हैं, लिहाजा वे पति के साथ गांव में नहीं रहना चाहती। यही वजह है कि प्रार्थीया द्वारा झूठी शिकायत दर्ज कराई गई।

पीड़ित पति अपने साले के शादी में भी शामिल नहीं हो सका। इस वजह से भी प्रार्थीया काफी नाराज थी। इन्हीं वजहों से उन्होंने थाना पहुंच उक्त झूठी शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट ने न्याय संगत तर्क सुनने के बाद प्रार्थीया की याचिका खारिज करने का आदेश दिया है।

### 9 हेलीकाप्टर की मदद से पहुंचाए गए 919 मतदान कर्मी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दलों को 9 हेलीकाप्टर की मदद से मतदान के तीन और दो दिन पूर्व मतदान केंद्र के समीप बनाए गए कैंप में सुरक्षित पहुंचाया गया। इंडियन एयर फोर्स के 6 और बीएसएफ के 3 हेलीकाप्टर की मदद से मतदान कर्मियों को पहुंचाया गया। बस्तर लोकसभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्थित बीजापुर के 35, सुकमा के 21 कुल 56 मतदान केंद्रों के 336 मतदान कर्मियों को हेलीकाप्टर के जरिए तीन दिन पहले पहुंचाया गया। वहीं नारायणपुर के 33, बीजापुर के 41, सुकमा के 21, दंतेवाड़ा के 3 और कोंड़ागांव के 2 मतदान केंद्रों में दो दिन पहले मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया।

### चारागाह में चरते हुए 12 भैंस अचानक लापता

# 7 लाख के मवेशी शहर से गायब बेहाल पशु मालिक पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही में एक पशुपालक चन्द्रशेखर की 9 भैंस, 2 पड़िया और 1 भैस सहित कुल 12 भैंस शहर से लगभग 2 किलोमीटर दूर चारागाह में जाने के बाद वापस घर नही लौटा। परेशान पशुपालक ने गुण्डरदेही थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की है।





पीड़ित ने बताया कि 16 अप्रैल को भैंस का देखभाल करने वाला व्यक्ति बकरियों के साथ भैंसो को भी शहर से 2 किलोमीटर दूर एक तालाब पार में स्थित चारागाह की ओर चराने ले गया था। जहां भैंसों को पानी में नहलाने के लिए छोड़कर वापस बकरियों को घर लाया। जिसके बाद पुनः 1 घंटा बाद जब वह वापस तालाब पहुंचा तो भैंसों की टोली गायब थी, जिसके बाद चरवाहे ने जब घर आकर इसकी जानकारी दी। सभी ने मवेशियों को ढूंढने का प्रयास किया गया, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी मवेशियों का पता नहीं चल पाया। पीड़ित के अनुसार उसके मवेशियों की कीमत करीब 7 लाख है, जानकारी देने वाले के लिए वो खुद नगद ईनाम देने की घोषणा कर चुका है।

## भाजपा का विस स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह संपन्न

# व्यापारियों ने एक स्वर में कहा देशहित सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह में जामगांव आर व्यापारी संघ सहित विधानसभा क्षेत्र के उपस्थित व्यापारियों का शाल, श्रीफल, पुष्पहार से स्वागत करते हुए सामूहिक भोज कराया गया।

समारोह में चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, वरिष्ठ व्यापारी भाजपा नेता राजीव अग्रवाल आयोजन के लोकसभा प्रभारी शिव चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उत्तर पाटन मंडल लोकमनी चंद्राकर, जिप सदस्य हर्षा चंद्राकर, निर्मल जैन, नरेश केला, सुरेंद्र मिश्रा, संतोष सोनी, भंवरलाल सोनी, निशा सोनी, होरीलाल मौजूद थे।





**अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की महती भूमिका :** चेंबर के महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि व्यापारी राष्ट्रहित के सदा हिमायती रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापारियों के हित में अनेकों लाभदाई कदम उठाए हैं, जिससे व्यापारी स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय करते हुए देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबी और व्यापार को बचपन में करीब से देखे है।

**400 पार का लक्ष्यः** जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि विकास के नित्य नए प्रयोग भाजपा कर रही है। बचपन से चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन गए। जो सपने में भी नही सोचे वे विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बन गए। क्योंकि भाजपा परिवारवाद नही राष्ट्रवाद है। भारत की संस्कृति की उन्मुक्त विकास और संस्कार की गंगा बहाने व्यापारी मोदी सरकार को तीसरी बार 400 पार कराने में अविस्मरणीय योगदान देना है। यही समय की मांग है। शिव चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को 5वां स्थान में लाने में सफल हुए हैं। अब प्रचंड सहयोग मिलने से 3 रे स्थान तक पहुंच जाना स्वाभाविक है। राजीव अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी मतदान करें। कमल फूल 400 से पार खिलाने कुशाग्र बुद्धि के धनी व्यापारी सक्रिय भूमिका निभाए। जामगांव आर व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश केला, उपाध्यक्ष अभिषेक चंद्राकर, मनीष जैन, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद चोरड़िया, सचिव अंगेश्वर साहू, युधिष्टिर चंद्राकर, राजू साहू, मुकेश साहू, सुरेश चौरडिया, राजकुमार राठी, आसकरण जैन, धनराज साहू, निर्मल जैन, शैलेंद्र बंछोर सहित व्यापारी शामिल हुए। संचालन संतोष ने किया।

# ट्रेलर ने कुचला, शव रखकर प्रदर्शन

**भिलाई।** गुरुवार को दुर्गा मंदिर के पास ट्रांसपोर्ट नगर रोड में एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरिया से लदा ट्रेलर ने सायकल से जा रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसकी वजह से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों सहित लोगों ने शव सड़क रखकर जमकर प्रदर्शन किया। मुआवजे की मांग को लेकर घंटों तक सड़क जाम रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी मान गए। पुलिस के मुताबिक मृतक चांदनी चौक खुर्सीपार जोन-3 निवासी हेमलाल सूर्यवंशी 40 साल है। मृतक सूर्यवंशी हथखोज स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। शाम 5.30 बजे टिफिन लेकर नाइट ड्यूटी के लिए निकला था। तभी ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। सामने चक्के में आने से हेमलाल बुरी तरह कुचल गया।


जलने के बाद

पुन :निर्माण सर्जरी

(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं

प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर

कॉल : 9827143060/8871003060

Ajay Advt.



हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### बाइक मांगने पर विवाद ऑटो चालक से मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक ऑटो चालक ने दो लड़कों तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सैयद नियाज ने छोटू, सैफुल्ला तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नियाज ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मां के लिए दवा लेने जाने छोटू से बाइक मांगी। इस पर छोटू ने नियाज को बाइक देने से इनकार करने के साथ ही गाली-गलौज की। नियाज ने छोटू को गाली-गलौज करने से मना किया तो उसने अपने साथी सैफुल्ला तथा अन्य साथियों को बुलाकर नियाज से मारपीट की।

### ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किशनलाल वर्मा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को किशन अपनी बाइक से कपसदा स्थित कंपनी में नाइट ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान तिवरैया तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक सीजी 04 एलबी 1642 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए किशन की बाइक को ठोकर मार दी। इस दौरान किशन ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पैसे नहीं देने पर अज्ञात बदमाश ने किया हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पैसों के विवाद पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पोखन लाल यादव ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। पोखन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात पंडरी स्थित शराब दुकान के पास एक अज्ञात लड़का उसके पास पहुंचा और पैसों की लेन-देन को लेकर विवाद करते हुए अपने कमरे के पास से चाकू निकालकर उसके पेट में गंभीर रूप से वार कर दिया। अस्पताल में उपचार करा रहे पोखन ने होश में आने के बाद पुलिस के पास अपना बयान दर्ज कराया है।

# तीसरे चरण के मतदान में 18 दिन, पुणे में अटके 14 हजार वोटरों के आई-कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान 7 मई रायपुर लोकसभा सीट के लिए भी मतदान होगा। इसके लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के पहले नए नाम जोड़ने, हटाने, त्रुटि सुधार कराने के लिए आवेदन करने वाले 14 हजार से अधिक मतदाताओं के पुणे में आईडी कार्ड फंसे हुए हैं।

इन मतदाताओं के एपिक कार्ड को पीडीएफ फाइल बनाकर पुणे भेजे करीब माहभर हो गया है, लेकिन अब तक कार्ड बनकर नहीं आए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय रहते एपिक कार्ड अगर किसी मतदाता को नहीं मिल पाता है तो वह ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड कर सकता है। प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने तथा मतदाता कार्ड में नाम, पता या त्रुटि सुधारने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पद्धति से मतदाता आवेदन कर चुके हैं।

इसके तहत फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरे गए हैं। इन आवेदनों के आधार पर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में मतदाताओं के दस्तावेजों की एंट्री कर, उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पुणे भेजी गई है, जहां सभी मतदाताओं के नए आईडी कार्ड बनने हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले से अब तक 14 हजार मतदाताओं के एपिक कार्ड पुणे में ही फंसे हुए हैं, जिन्हें मतदाताओं को भेजा नहीं गया है।

### पुणे में बन रहे कार्ड, इसलिए देर

विभागीय अधिकारियों के अनुसार देशभर के नए वोटर आईडी कार्ड पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। इस कारण से कार्ड बनने में भी देर हो रही है। इससे पहले एपिक कार्ड राज्य में ही बनाए जाते थे, तब मतदाताओं को जल्द मिल जाते थे, लेकिन अब सिर्फ पुणे में एपिक कार्ड बनाने का काम चल रहा है, जिसके कारण मतदाताओं को भी देर से मिल पाते हैं।



### पुणे से आने में देर

नए वोटर आईडी कार्ड पुणे में तैयार किए जा रहे हैं। वहां से डाक के माध्यम से मतदाता के पोस्टल एड्रेस पर भेजे जा रहे हैं। जिन्हें समय पर नहीं मिल पाएंगे, वे ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**- उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी

### पोस्टल एड्रेस तक पहुंचने में लगेंगे 15 दिन

पुणे में तैयार किए जा रहे नए आइडी कार्ड डाक के माध्यम से मतदाता के पोस्टल एड्रेस पर भेजे जाते हैं। रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान को अब सिर्फ 18 दिन ही बचे हैं, वहीं पुणे में जिले से अब तक 14 हजार मतदाताओं के नए एपिक कार्ड बन नहीं पाए हैं। इन मतदाताओं के कार्ड बनने से लेकर पोस्टल एड्रेस तक पहुंचने में कम से कम 15 दिन या उससे ज्यादा का समय भी लग सकता है। ऐसे में चुनाव तक कई मतदाताओं को नए एपिक कार्ड मिल पाएंगे, इसकी संभावना कम है। जिन्हें नए कार्ड नहीं मिलेंगे, ऐसे मतदाताओं को ऑनलाइन ई-एपिक कार्ड डाउनलोड करके या फिर अन्य मान्य आईडी लेकर मतदान करने जाना होगा।

## सूर्योदय पीएम योजना में सोलर पैनल लगवाने वालों को मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त

# घर की छत पर बिजली उत्पादन करने प्रदेश के उपभोक्ताओं की रुचि कम, अब तक 22 सौ आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की रुचि बहुत कम है। इस योजना में अब तक अपने राज्य में महज 22 सौ आवेदन आए हैं। सबसे ज्यादा 310 आवेदन नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से आए हैं, वहीं रायपुर जिले से 150 के आसपास आवेदन मिले हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है।

छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इसी के साथ योजना में शामिल उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। यहां पर घरों में सोलर पैनल लगाने का काम एनटीपीसी को दिया गया है। देश के साथ ही अपने



प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस बार अप्रैल में ही बिजली की खपत बहुत बढ़ गई है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

ऐसे में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर की तरफ ले जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का बड़ा लाभ उपभोक्ताओं को होने के साथ वे बिजली बेच भी सकेंगे।

### सुकमा से ज्यादा आवेदन

योजना को लेकर प्रदेशभर से आवेदन मंगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अब तक 22 सौ आवेदन आ गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा सुकमा जिले से 310, दुर्ग से 220, रायगढ़ से 156, बिलासपुर से 140, जांजगीर-चांपा से 135 और रायपुर से 150 के करीब आवेदन आए हैं। साथ ही और कुछ जिलों से आवेदन आए हैं, लेकिन इनकी संख्या गिनती की है।

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना के लिए अपने राज्य में एनटीपीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

# व्यापमं की प्रवेश और पात्रता परीक्षा की तारीख बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ लोकसभा चुनाव के कारण बदलाव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी संशोधित तिथियों के अनुसार पीईटी-2024, प्री एमसीए-2024 एवं पीपीएचटी-2024 की परीक्षा 13 जून 2024 को होगी। पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मतस्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षा 16 जून 2024 को होगी। इसी प्रकार पीपीटी 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को, प्री बीएड -2024 और प्री डीएलएड-2024 की परीक्षा 30 जून को तथा बीएससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एमएससी नर्सिंग-2024 की परीक्षा 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी।

# तालाब और कुआं के पास अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान, दूषित जल के ट्रीटमेंट की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दस जोन के कमिश्नरों को निर्देश

शहर के पारंपरिक जल स्त्रोत तालाब और कुआं की सफाई के लिये नगर निगम जोनवार अभियान चलायेगा। कुआं और तालाब के आसपास अतिक्रमण होने की स्थिति में हटाने की कार्रवाई की जायेगी। 10 जोन के कमिश्नरों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के निर्देश दिये हैं। साथ ही वर्षा जल संरक्षण कार्य करने विशेषज्ञों की मदद ली जायेगी।

नगर निगम द्वारा वर्षा जल का संग्रहण करने तथा ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कार्ययोजना बनाकर अलग-अलग जोन में कार्य कराये जायेंगे। इसके लिये निगम प्रशासन पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और निगम के इंपेनल्ड भू जल विशेषज्ञों से विमर्श कर रहा है। नगर निगम के सभी 10 जोन में कमिश्नर के मार्गदर्शन में पारंपरिक जलस्त्रोतों की सुध ली जायेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्धार कराया जायेगा।

### ग्राउंड वाटर म्यूजियम का प्रस्ताव

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों में जागरूकता लाने प्रत्येक जोन में ग्राउंड वाटर म्यूजिम बनाया जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने निर्देश दिये हैं। ये कार्य करीब 2 हजार वर्गफीट में निर्मित भवन में किया जाएगा, जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के साथ ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम भी लगाया जाएगा।

### शबरी कन्या आश्रम में सरना पूजा आज

**रायपुर।** उरांव (सरना) आदिवासी विकास संघ कविता नगर द्वारा 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे सरना पूजा की जाएगी।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे विसर्जन तक परंपरागत नृत्य-गान के साथ खद्दी-सरहूल पूजा परब कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम शबरी कन्या आश्रम रोहिणीपुरम आयुर्वेदिक कॉलेज के पीछे पंचवटी प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी संघ सचिव बुधेश्वर भगत ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के उरांव आदिवासी एवं विभिन्न प्रांतों के नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# बस्तर के कलाकार बना रहे बैम्बू कॉटेज, गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों को गर्मी से बचाने के लिए बैम्बू के नये कॉटेज बनाए जा रहे हैं। इन कॉटेज को बनाने के लिए बस्तर के कलाकारों की टीम पहुंची है, जो पिछले कई दिनों से कॉटेज बनाने में जुटी हुई है। इससे पहले पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में कलेक्टोरेट परिसर में आधा दर्जन बैम्बू के कॉटेज बनाए गए थे, जो रखरखाव के अभाव में टूट-फुट चुके थे। इन कॉटेजों की भी मरम्मत कराई गई है।

कलेक्टोरेट में हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। इनमें कोई अपना काम लेकर, तो कोई समस्या व शिकायत लेकर पहुंचता है। परिसर में पंजीयन दफ्तर भी है, जहां हर रोज सैकड़ों लोग रजिस्ट्री कराने भी पहुंचते हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री दफ्तर का हाल भी छोटा पड़ जाता है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को रजिस्ट्री के लिए अपनी बारी का इंतजार करने खुले आसमान के नीचे धूप में खड़े होना पड़ता था, तो कई लोगों को पेड़ों की छांव के नीचे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। लोगों को होने वाली इस परेशानी से बचाने के लिए पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में परिसर में आधा दर्जन बैम्बू कॉटेज बनाए गए थे। इन कॉटेजों के बनने के बाद लोगों को गर्मी से राहत के साथ धूप से भी राहत मिलने लगी है।

**एक कॉटेज में 400 बांस का उपयोग :** परिसर में एक रजिस्ट्री कार्यालय के सामने और दूसरा जिला पंचायत कार्यालय के सामने बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। बस्तर के नारायणपुर जिले से आए कलाकारों की टीम के प्रमुख परमेश्वर नाग ने बताया कि पूरा कॉटेज बांस का बनाया जा रहा है। एक कॉटेज बनाने में करीब 4 सौ बांस लग रहे है। उन्होंने बताया कि बांस के कॉटेज गर्मी से काफी राहत देते हैं, इसलिए अब इसकी मांग ज्यादा है।

### गर्मी में देंगे राहत

कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों को गर्मी से राहत देने नये बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। ये कॉटेज पहले से काफी बड़े हैं, जिससे ज्यादा लोग इसमें बैठ पाएंगे।

**- गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

### टूट फूट चुके कॉटेज सुधारे गए, दो नये बड़े कॉटेज का निर्माण

पुराने कॉटेज देखरेख के अभाव में टूट फूट गए थे। वर्तमान कलेक्टर गौरव सिंह ने अब इन कॉटेजों की सुध लेकर इन्हें ठीक कराया, बल्कि पुराने कॉटेज की तुलना में तीन से चार गुना बड़े दो नये कॉटेज का निर्माण भी करा रहे हैं, ताकि कलेक्टोरेट आने वाले आम आदमी को धूप में खड़ा होना न पड़े।

# सी-विजिल में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की रायपुर में ज्यादा शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन को रोकने के लिए प्रभावी साबित हो रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले निर्वाचन कार्यालय को 544 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 372 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है। रायपुर से सबसे ज्यादा और दूसरे स्थान पर रायगढ़ शामिल है, जहां शिकायतें मिलीं। सी-विजिल एप के जरिए कोई भी व्यक्ति ऐसी गतिविधियों की जानकारी दे सकता है, जो आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में है। ऐसे मामलों पर निर्वाचन कार्यालय की टीम भी प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से कार्रवाई कर रही है। विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप पर निर्वाचन कार्यालय को 600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। यह एप आम नागरिकों के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों की मानिटरिंग व उनके निराकरण, समाधान के लिए जिला स्तरीय टीम गठित की गई है।

### मोबाइल से कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें


एंड्राइड मोबाइल फोन से चुनाव आयोग के सी-विजिल एप्लीकेशन को डाउनलोड करते हुए फोटो, वीडियो का इस्तेमाल करते हुए गूगल लाइव लोकेशन अपलोड करते हुए शिकायतें की जा सकती है। नियमों के मुताबिक 100 मिनट के भीतर शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है।

*जिलों में सी-विजिल एप पर शिकायत : रायपुर जिले में 169 शिकायत मिली इसमें से 144 शिकायतों का निराकरण किया गया। राजनांदगांव में 23 शिकायत मिली इसमें से 16 शिकायतों का निराकरण किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 38 शिकायतें मिली इनमें से 26 का निराकरण किया गया। कांकेर जिले में 32 शिकायतें मिली इनमें से 23 शिकायतों का निराकरण किया गया। रायगढ़ जिले में 40 शिकायतें मिली इसमें से 20 का निराकरण किया।*

### 544 शिकायतें 372 पर कार्रवाई

सी-विजिल एप पर कुल 544 शिकायतें दर्ज की गई है। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक इन शिकायतों में से 372 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। इनमें से लगभग 85 शिकायतें सही नहीं पाए जाने की वजह से इसे रद्द कर दिया गया। वहीं अलग-अलग जिलों में शिकायतें लंबित हैं। लंबित शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। कुल शिकायतों में जिलेवार निराकरण करने प्रतिशत इस प्रकार रहा- रायपुर-30 प्रतिशत, रायगढ़- 7 प्रतिशत, सारंगढ़-बिलाईगढ़-6 प्रतिशत ,बस्तर-5 प्रतिशत।

### वॉकथॉन कर मतदाताओं को किया जागरूक




**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन कलेक्टर परिसर से मानव श्रृंखला के रूप में प्रारंभ होकर आकाशवाणी चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पर जाकर संपन्न हुई। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने वाकथॉन में भाग लेने वालो को सुभाष स्टेडियम में मानव श्रृंखला की गोलाई में खड़े होकर मतदान शपथ दिलाई।

# जू में रहने वाले वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक डिहाइड्रेशन से बचाने की जा रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल के शुरुआती दस दिनों में तापमान सामान्य होने के बाद गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में जंगल सफारी में रह रहे वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक तथा डिहाइड्रेशन से बचाने सफारी प्रबंधन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सफारी के अलग-अलग बाड़ों में रह रहे वन्यजीवों को कूल रखने कूलर लगाने के साथ खुले बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंकने का काम किया गया है।

जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के मुताबिक सफारी के वन्यजीवों को बचाने इस बार पूर्व से इंतजाम किए गए हैं। वन्यजीवों को हीट वेव तथा डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए 28 कूलर लगाए गए हैं। साथ ही सभी बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंका गया है। इसके साथ ही ओपन सफारी के खुले में विचरण करने वाले हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों को गर्मी से राहत देने बांस तथा लकड़ी खड़े कर पत्तों और मिट्टी की मदद से



छायादार कुटिया तैयार किया गया है, जहां खुले में विचरण तथा चरने के आने वाले हिरण, चीतल, नील गाय जैसे वन्यजीव को गर्मी से बचाने उपाय किए गए हैं।

### पर्याप्त पानी रखने दिए निर्देश

बाड़ा के अंदर रहने वाले वन्यजीवों को गर्मी में पीने की पानी की कमी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए उन वन्यजीवों के बाड़ो में पानी के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जू कीपर को बाड़ों की निगरानी कर जहां पानी कम हो वहां तत्काल पानी की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं।

### सप्ताह में 3 दिन हटाएंगे सड़क से अतिक्रमण, ग्रीन नेट नहीं लगाने पर कार्रवाई

**रायपुर।** नगर निगम अमला अब सप्ताह में 3 दिन सड़क पर अतिक्रमण कर लगाये गये ठेले, गुमटियों और कंडम वाहन हटाने की कार्रवाई करेगा। यहीं नहीं, मलबा सड़क पर डंप करने और निर्माण के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर कड़ाई बरती जायेगी। इसके लिये जोनवार सूची बनाई गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में 3 दिन वे सड़क यातायात बाधित वालों पर कार्रवाई करें ।

### केंद्रीय भूजल बोर्ड राजधानी की भूजल स्थिति सुधारने करा रहा सर्वे

# भूजल संरक्षण के लिए चार जगह बनाएंगे एक्यूफर जोन, निगम तैयार कराएगा पॉयलट प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में भूजल संकट से निबटने अब वर्षा जल को संरक्षित करने छोटे-छोटे एक्यूफर जोन विकसित किए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों को इसके लिए चिन्हांकित किया गया है। भाठागांव के चिंगरीनाला, देवेंद्र नगर क्षेत्र के नारायणा हास्पिटल के पीछे वाला नाला, सड्डू के सोकरानाला सहित चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास इस तरह के जोन बनाए जाएंगे। 250 से 300 वर्गफीट तक के डबरीनुमा एक्यूफर जोन के लिये बड़े पैमाने पर काम शुरू होंगे।

इसके लिये रायपुर नगर निगम पॉयलट प्रोजेक्ट तैयार करेगा। दरअसल, शहर के आउटर वार्ड स्थित मोवा, साइंस सिटी के पास सड्डू तालाब, जीरो पाइंट, विधानसभा चौक, सेमरिया ऐंसे क्षेत्र हैं, जहां का भूजल स्तर 700-800 वर्गफीट नीचे तक चला गया है। वहीं डीपीएस स्कूल के सामने 900 से 1000 वर्गफीट तक भूजल की स्थिति बनी है। भूजल वैज्ञानिक विपिन दुबे का कहना है, सड्डू के सोकरानाला क्षेत्र में 700 से 800 वर्गफीट गहराई तक भूजल चला गया है। इसलिए ऐसे जगहों को चिन्हांकित वाटर रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन बनाने का प्लान है। शहर के अंडरग्राउंड वाटर सिस्टम को सुधारने केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा रायपुर शहर का सर्वे कराया जा रहा है।

### क्या है एक्यूफर जोन

एक्वी का आशय है पानी, फर यानी जमीन के अंदर ऐसे चट्टानी पत्थर, जिसमें पानी को भूगर्भ में समाहित करने की क्षमता हो। इस तरह के जोन को एक्यूफर जोन कहा गया है। इन जगहों पर स्ट्रक्चर बनाने से वाटर रीचार्जिंग का फायदा निश्चित रूप से मिलता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा देश के प्रत्येक राज्यों में इस तरह का सर्वे समय-समय पर कराया जाता है, ताकि यह पता चल सके कि कौन-से इलाके में जल को समाहित करने वाले चट्टानी पत्थर जमीन के अंदर मौजूद है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाके में पिछले 7 माह से सर्वे चल रहा है। इसकी रिपोर्ट मई माह में आएगी।

### वाटर हार्वेस्टिंग का डेमो

आम जनता को वर्षा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने और इसके विभिन्न तरीकों से अवगत कराने शहर के पंजीकृत भूजल विशेषज्ञ डेमो देंगे। इसके लिए उन्होंने नगर निगम से शहर के किसी एक सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने की मांग निगम आयुक्त से की है। भवन उपलब्ध होते ही भूजल विशेषज्ञ वाटर रीचार्जिंग की अलग-अलग प्रक्रिया की खासियत और उसे स्थल पर विकसित करने की तकनीक से अवगत कराएंगे, ताकि शहरवासी इसे देखकर समझ सकें कि अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का का कौन-सा तरीका अपनाना बेहतर होगा।

### निगम के साथ बनाई संयुक्त टीम

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक पानी रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन के प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने एक संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें नगर निगम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का भूजल विभाग, एनआईटी का जियोलॉजी विभाग, सिविल विभाग के साथ ही नगर निगम से पंजीकृत भूजल वैज्ञानिक शामिल हैं। इनका संयुक्त रूप से काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की सर्वे रिपोर्ट का इंतजार है।

## खबर संक्षेप




### राहगीरों के लिए रखा पानी



**गुरूर।** ग्राम पलारी में रितेश कुमार साहू द्वारा मार्ग में आने-जाने वाले लोगों के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था करते हुए मटका रखा गया है। धमतरी-दुर्ग मुख्य मार्ग में इस भीषण गर्मी में लोग मटके का ठंडा पानी पीकर अपना प्यास बूझा सकें, इस उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है।

### नवोदय विद्यालय दुधली में हुआ प्रेरणा उत्सव का सफल आयोजन

**बालोद।** जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, प्राचार्य साधना अनुपम दलेला सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्य साधना अनुपम दलेला ने बताया कि प्रेरणा उत्सव एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है। यह प्रतिभागियों में सार्थक, अद्वितीय और प्रेरणादायक अनुभवात्मक ज्ञान व युवाओं को अपने देश के लिए सकारात्मक विजन प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिले के पांचों विकासखण्डों से प्रथम स्तर पर चयनित 52 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिले के 179 विद्यालय के 3460 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे। चयनित 256 विद्यार्थियों की पुनः प्रतियोगिता कराई गई जिसमे से चयनित 52 प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रेरणा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसके क्यूरिकुलम को आईआईटी गांधीनगर ने बनाया है जो कि 9 मूल्यों पर आधारित है। जिसका थीम स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करूणा और सेवा, नवाचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास तथा स्वतंत्रता तथा कर्तव्य पर आधारित है। जिससे हमें ऊर्जा से भरी ऐसी युवा पीढी का निर्माण करना है जो विज्ञान से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करें। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में देश के प्रति लगाव और गौरव की भावना विकसित करेगा।

### कांकेर लोकसभा-चुनाव खर्च में भाजपा सभी दलों से बहुत आगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मतदान होने के बाद अब दूसरे चरण में कांकेर सीट की बारी है। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। यहां के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान में तेजी है। प्रेक्षकों का मानना है कि कांकेर में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच होना तय है। यहां पिछले चुनाव में भाजपा जीती थी, लेकिन मौजूदा सांसद की जगह पार्टी ने नए प्रत्याशी के रूप में भोजराज नाग को उतारा है, कांग्रेस ने पिछला चुनाव हारने वाले वीरेश ठाकुर को फिर से मौका दिया है, लेकिन अब तक के चुनाव प्रचार अभियान में भाजपा प्रत्याशी ने सबसे अधिक राशि खर्च की है, उनके मुकाबले कांग्रेस व अन्य दलों के प्रत्याशी बहुत पीछे चल रहे हैं।

// आम सूचना //

मै अपने पक्षकार श्रीमती मीना टावरी पति श्री तनसुख टावरी उम्र 47वर्ष, निवासी वार्ड नं. 07 गुरूर जिला बालोद छ.ग. से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार आज दिनांक को अपने हस्ताक्षर एवं सील मुद्रा से आम इस्ताहार प्रकाशन की जा रही है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती मीना टावरी के नाम एवं स्वामित्व में ग्राम गुरूर तह गुरूर, पटवारी हल्का नं. 21 राजस्व निगम गुरूर में आवासीय स्थित हैं. उक्त भूमि पर आवासीय पक्का मकान एवं दुकान स्थित है। मेरे पक्षकार के 01 पुत्र खुशाल टावरी और 01 पुत्री कु. मुस्कान टावरी हैं। मेरे पक्षकार के पुत्र खुशाल टावरी वर्तमान में तह एवं जिला धमतरी में किराये के मकान पर अपना व्यवसाय संचालित कर रहा है, के द्वारा अन्य समाज की लडकी से मेरे पक्षकार और उनके परिवार की सहमति के बिना दिनांक 21.04.2024 को विवाह कर रहा हैं, इस कारण से मेरे पक्षकार अपने नाम एवं स्वामित्व के संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति से अपने जीवन काल तक के लिए बेदखल करती हैं। खुशाल टावरी की जिद्द के कारण मेरे पक्षकार और उनके परिवार खुशाल की विवाह की आशीर्वाद समारोह में उनके खुशहाल जीवन की आशीर्वाद देने हेतु उपस्थित होंगे। खुशाल टावरी के द्वारा अपने जीवन कॉल मे की गई समस्त (व्यापारिक ) लेन-देन के लिए वह व्यक्तिगत रूप से स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जाने ।

स्थानः- बालोद
दिनांक :- 14.04.2024
पक्षकार का हस्ताक्षर
मीना टावरी

प्रेषक
भेष कुमार साहू (अधिवक्ता)
नयापारा बालोद, जिला बालोद छ.ग.
मो.नं. 8878618818

## आयोजन : तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव में जुटे समाज के लोग

# साहू समाज भीड़ तंत्र बनकर न रहे : महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर







साहू समाज भीड़ तंत्र बनकर न रहे, बल्कि जागरूक व चिंतनशील समाज बने। हमारी जनसंख्या हमारे विकास की कुंजी बने, लोकतंत्र में मजबूत स्तंभ रहे। समाज अपने हक अधिकार को जाने। सामाजिक विकासयात्रा समाज के जन-जन तक पहुंचे। समाज के लोग प्रगति करें, सभी सुखी रहे। हम संगठित रहें, एक बनें, एक विचार से चले, हम अपने हक और अधिकार को जाने, पहचान और प्राप्ती तक चुप न बैठे तभी हमारी सार्थकता होगी।

उक्त बातें तहसील साहू संघ अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव में कही। समाज की समृद्धि, खुशहाल, मातृशक्तियों के सम्मान, समाज उत्थान, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, मदिरापान निषेध, धर्मरक्षा त्वरित न्याय के संकल्प के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने सामाजिक सुधार की भावना के साथ तहसील स्तरीय कर्मा जन्मोत्सव मनाया गया। जिला अध्यक्ष सोमन साहू ने कहा ने कहा इस तरह के आयोजन से समाज के बच्चों को समाज की गतिविधियों रीति-रिवाज की जानकारी होती है। अच्छा संस्कार मिलेगा। संस्कार के बिना समाज उन्नति नही करता है।

मृत्यु उपरांत देहदान के लिए ग्राम नरबदा से भागीरथी साहू, नेत्रदान के लिए ग्राम नरबदा निवासी माया बाई साहू एथलेटिक्स में ग्राम कंवर निवासी हिना साहू, नेट परीक्षा में ग्राम नवागांव निवासी विनोद कुमार साहू, कुश्ती वर्ग दो में ग्राम सोहपुर से शुभम साहू, कुश्ती वर्ग एक में गुरूर से प्रियंका साहू का सम्मान किया गया। वहीं कक्षा 10वी में समाज में सर्वोच्च अंक मलाने वाले ग्राम पेंवरो निवासी निखिल कुमार गंजीर 95.67 प्रतिशत। द्वितीय ग्राम सनौद निवासी भाग्य लक्ष्मी 94.16 प्रतिशत व तृतीय स्थान प्राप्त किए ग्राम सनौद निवासी ओमकार साहू 92.33 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में प्रथम ग्राम कंवर निवासी ओजस्वी साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सोहपुर निवासी दीपांशु कुमार 90 प्रतिशत, तृतीय स्थान ग्राम खुंदनी निवासी रितु साहू 89.80 प्रतिशत का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक कुमारी मदन साहू, हलधर साहू, सोमन साहू, ललिता साहू, लेखक चतुर्वेदी थे के अलावा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# अन्नूटोला में 24 को कर्मा जयंती मनाने तैयारियां जोरशोर से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव परिक्षेत्र रेंगाडबरी अंतर्गत ग्राम अन्नूटोला में 24 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके लिए तहसील साहू संघ द्वारा लगातार बैठकों का आयोजन कर अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति तय करते हुए एक भव्य और वृहद आयोजन की तैयारी चल रही है।

गुरुवार को ग्राम अन्नूटोला में तहसील पदाधिकारियों, परिक्षेत्र अध्यक्षों और रेंगाडबरी परिक्षेत्र के 11 ग्रामीण अध्यक्षों की एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदार कश्यप वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, अध्यक्षता सोमन लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, अतिविशिष्ट अतिथियों में पवन साहू प्रमुख सलाहकार छत्तीसगढ़ साहू संघ एवं संरक्षक जिला साहू संघ बालोद, श्रीमती अनिला भेड़िया विधायक डौंडीलोहारा, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, यशवंत जैन सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा एवं विशिष्ट अतिथियों में हलधर साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ, जितेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, पोषण बनपेला उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, हरीश गंजीर संगठन सचिव जिला साहू संघ बालोद, ललित कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत भीमाटोला होंगे। कार्यक्रम में सुबह योग शिविर, कलश यात्रा और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है।

# भाजपा का प्रचार करने गांव गलियों में पहुंच रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ता गांव की गलियों घरों तक पहुंच कर जनसमर्थन जुटा रहे है।

इसी कड़ी में गुण्डरदेही विधानसभा के कलंगपुर शक्तिकेंद्र में भाजपा नेताओं ने जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं से संवाद कर समर्थन मांगा। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी अब धरातल पर दिखाई देने लगी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगतिपथ पर आगे बढ़ रहा है। आज माताओं के मन में प्रसन्नता है क्योंकि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। छत्तीसगढ़ की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सर्वहारा वर्ग की चिंता कर रही है। एक के बाद एक क्रमशः मोदीजी की गारंटी पूरी हो रही है। माताएं आत्मनिर्भर बने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। अब छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम रच रहा है। सभी माताएं कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को प्रचंड मतों से विजयी बनाने अपना आशीर्वाद दें। इस दौरान अश्वनी यादव, सतीश साहू, दिलीप साहू, विकास जैन, भीखा साहू सहित महिलाएं उपस्थित थी।



# 108 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण






हरिहूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विकासखण्ड दुर्ग (निकुम) ग्रामीण अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में खण्ड़चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन में टीम गठित कर 108 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

जिसमें ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, दन्त, आंख, नाक, कान, गला एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच किया गया। जिसमें आंख से संबंधित 09 मरीज, दन्त से संबंधित 30, सिकल सेल वाहक 02 एवं 50 प्रतिशत बच्चे विटामिन डिफिसिएन्सि पाए गए। स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधिकारी नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ डॉ. भागवत राय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. एल. भगत, दन्त चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र मारकण्डे, नेत्र सहायक अमित कुमार देवांगन एवं उत्तम साहू, गणेश राम मुआर्य बी.ई. टी.ओ., राजेन्द्र कुमार वर्मा बी.पी.एम. रामेश्वरी यादव एम.एल.टी. आदि मौजूद थे।

# चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को मिले सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने के कार्य में लगे कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं

- छग टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालोद इंद्रजीत चंद्रवाल से मुलाकात कर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बालोद से भी मुलाकात कर चर्चा की, पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन में जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों को सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र से सामग्री प्राप्त करने के उपरांत मतदान केंद्रों तक पहुंचने व मतदान के पूर्व दिवस की व्यवस्था व तैयारी के लिए





पर्याप्त समय की आवश्यकता होती है। इसलिए समयाभाव के कारण मतदान दलों के सदस्यों को स्वयं भोजन की व्यवस्था में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

संगठन ने मांग किया कि मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए भोजन की पूर्व व्यवस्था, रसोईयो की उपस्थिति, खाद्यान, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, पंखे कूलर सहित संगवारी एवं युवा मतदान दलों के महिला कर्मचारियों के लिए पृथक शौचालय, शयन कक्ष, भोजन पकाने, शयन हेतु गद्दा, तकिया आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विषयों पर अतिशीघ्र संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौपने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, जिला संगठन मंत्री जगत राम साहू, संगठन मंत्री गुरूर भूपेंद्र प्रसाद पांडेय शामिल थे।

# मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान





**बालोद।** शहर के शक्ति केंद्र क्रमांक 3 में महतारी वंदन कार्यक्रम में लाभार्थी महिलाओं का सम्मान किया गया। जिसमें वक्ता प्रतिभा चौधरी, हितेश्री कौशिक, मोना टुवानी उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, 5 किलो मुफ्त चावल योजना और ऐसी कई योजना की जानकारी दी, सभी ने 26 अप्रैल को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर पुरे विश्व में भारत का मान बढ़ाने का आवाहन किया।

कार्यक्रम का संचालन प्राची लालवानी एवं आभार प्रदर्शन शक्ति केंद्र के प्रभारी राजू पटेल ने किया। इस अवसर पर शांति देवी सोनवानी, शांति ठाकुर, अम्बिका यादव, प्रीति बारले, चिमन यादव, अग्नि बाई, प्रेमिन बाई, अमित चोपड़ा, मनोज चांडक, प्रफुल पटेल, ओम प्रकाश शर्मा, शम्भू पटेल, भुनेश्वर शर्मा, गिरीश नायडू, जितेंद्र निर्मलकर, रमेश मालेकर उपस्थित थे।

### कैलाश ने किया भाजपा प्रवेश



**बालोद।** कैलास बिसाई ने राजस्व, खेल कूद मंत्री टंकराम वर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय के कार्यालय प्रभारी एवं नगर पालिका परिषद पार्षद राजू पटेल, ओम प्रकाश शर्मा, भवानी शर्मा, मनोज चांडक, शम्भू पटेल, प्रेम साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडे, टिक्कू साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोखा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**गुरूर।** प्राथमिक शाला गुंडरापारा मोखा में टीकम सिन्हा परिवार के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को न्योता भोज के बाद टीकम सिन्हा ने कहा यह एक अच्छी पहल है, इसका उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्यों में वृद्धि तथा सभी समुदाय के बच्चों में समानता की भावना का विकसित करना है।

### शिवसेना ने किया श्रीराम शोभायात्रा का स्वागत




**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर शिवसेना बालोद जिलाध्यक्ष विजय पारख के नेतृत्व में शहर के घड़ी चौक पर शिवसेना मंच से प्रभु श्रीराम के भव्य शोभायात्रा दलों का स्वागत अभिनदंन कर स्वल्पाहार पोहा, बिस्किट चाकलेट आदि से सत्कार किया गया। शिवसेना पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शोभायात्र में बने श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी का फूल माला से वंदन किया। कार्यक्रम में शिवसेना प्रदेश सचिव शंकर चौनानी, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत, जिला सचिव हर्ष शर्मा, डौंडी लोहारा प्रभारी हेमंत ठाकुर, महिला सेना नेत्री भावना ठाकुर, भानुदास, राजेश पटेल, बव्वा ठाकुर, विमल दास, वीरु धनेन्द्र व शिवसैनिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शीतला तालाब में हुआ जोत-जंवारा का विसर्जन



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर बुधवार की शाम दरबार से भव्य कलश, शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। शोभायात्रा बजरंग पारा बाजार चौक, मेन गली, होते शीतलापारा होते ग्राम भ्रमण की। गांव में जगह-जगह ज्योति कलश, शोभायात्रा का पूजा करने श्रद्धालु उमड़ पड़े। शोभायात्रा में गुलाब साहू, हेमंत तेली जस गायक के द्वारा माता सेवा गाते हुए चल रहे थे। इस शोभायात्रा में शामिल होने पूरे गांव के साथ अन्य ग्रामों से भी श्रद्धालु आए हुए थे। शीतला तालाब में ज्योत, जंवारा का विसर्जन किया गया। नवरात्रि में नौ दिन तक अपने सेवा देने वालों में नंद पंडा, राजू यादव, विनोद साहू, गज्जू रायपुरिया, बबलू साहू, जीवराखन ठेकेदार, भोलू साहू, चीन्टू साहू, दिनेश साहू, ओमकार साहू, बाबू लाल साहू, योगेश साहू, डॉ धनेशवर, एमलाल देवांगन, दिनेश यादव, रोशन साहू, सुनील कहार, मुनना गंधर्व, मारियल साहू आदि का सहयोग रहा।

### जो श्री राम का नहीं वह किसी काम का नहीं : रामबालक दास

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई में राम जन्मोत्सव के 39 वें वर्ष के आयोजन में संत श्री राम बालक दास महात्यागी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 को भले ही अयोध्या में श्री राम जी की स्थापना हो गई हो लेकिन भारत में राम राज्य की स्थापना के लिए संपूर्ण भारत में अखिल गो वंश की हत्या पर रोक लगाना होगा। छोटे-बड़े का भेद मिटाकर सामाजिक समरसता की स्थापना करनी होगी, तभी भारत में राम राज्य आ सकता है। समस्त हिंदू समाज को रामनवमी के अवसर पर संत श्री ने राजनीतिक षड्यंत्र से बचने का आव्हान किया व नारा दिया कि जो हमारे राम का नहीं वो हमारे काम का नहीं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रेम प्रकाश पांडे, विजय बघेल समेत बहुत से जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

